दैनिक पंचांग

28 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मेष	06.51 बजे से
चंद्र	कुंभ में	वृष	08.31 बजे से
मंगल	मिथुन में	मिथुन	10.29 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	12.42 बजे से
गुरु	वृष में	सिंह	14.58 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	17.10 बजे से
शनि	कुंभ में	तुला	19.21 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	21.36 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	23.52 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मकर	01.57 बजे से
		कुंभ	03.43 बजे से
		मीन	05.16 बजे से

शुक्रवार 2025 वर्ष का 87 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** बसंत।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
तिथि चतुर्दशी 19.56 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा 22.10 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 05.57 बजे तदनन्तर शुक्ल(शुक्र)02.07 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 09.33 बजे तदनन्तर शकुनि 19.56 बजे को समाप्त।
चन्द्राय 24.0 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 03° 00'
सूर्य उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872297
जूलियन दिन 2460762.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रमजान
तारीख 27

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभमध्य- शुभअथ श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। **m.Jagrutidaur.com, Bangalore**

नील गगन के नक्षत्र

1	3	7	8
137	247	250	125
290	670	359	233
399	689	566	990

दिन-890-289	000-
मधुर डे-257-360	मधुर नाइट-478-267
मिलन डे-160-380	मिलन नाइट-138-560

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, चैत्र कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि चतुर्दशी, शुक्रवासरे, पूर्वा भाद्र पद नक्षत्रे, शुक्ल योगे, विव करणे, कुंभ की चंद्रमा, भद्रा 3/57 जातकर्म, नामाकरण, वाहन क्रय विक्रय तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ व उत्तम होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चंचल, चतुर, स्वाभिमानी, कुशलवक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, जिद्दी-हठी, कम्प्यूटर इंजीनियर, बैंक कर्मचारी होगा।

मेष राशि : स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, मनोनुकूल कार्य बना लेवें।

वृष राशि : योजनाएं फलीभूत हों, शुभ समाचार संभव बनेंगे, रुके कार्य बन ही जाएंगे।

मिथुन राशि : धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।

कर्क राशि : कार्य-व्यवस्था की चिन्ता बनी ही रहेगी, प्रयास करने से लाभ होगा।

सिंह राशि : भोग-एश्वर्य की प्राप्ति होगी, कार्यगति उत्तम, सुख के साधन अवश्य बनेंगे।

कन्या राशि : अर्थिक योजना पूर्ण हो, समय पर सोचे कार्य पूर्ण होंगे, रुके कार्य बन ही जायेंगे।

तुला राशि : पारिवारिक बाधायें परेशान करेंगी, विरोधी तत्व कष्टप्रद रखें, ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि : मानसिक बेचैनी, उद्विग्नता से बचें तथा समय से लाभांवित होंगे।

धनु राशि : कुटुम्ब की समस्याएँ कष्टप्रद हों तथा व्यर्थ भ्रमण में व्यय होगा।

मकर राशि : योजनऐं फलीभूत हो, सफलता के साधन जुटायें तथा कार्य बनें, ध्यान रखें।

कुंभ राशि : स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी तथा मानसिक कष्ट के साथ शरीर पीड़ा।

मीन राशि : तनाव-क्लेश व अशांति बनेगी, परिश्रम विफल होंगे, कार्यगति मंद हो।

शुक्रवार की रात अगर कर लिया यह काम तो कभी नहीं हो सकती है पैसों की कमी

ज्योतिष शास्त्र में मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए और धन लाभ के लिए कुछ खास उपाय बताए गए हैं। मान्यता है कि इन उपायों को करने से आर्थिक संपन्नता बनी रहती है। तो चलिए जानते हैं इन खास उपायों के बारे में।

हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन बहुत खास माना जाता है क्योंकि इस दिन खासतौर पर धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा होती है। इसके साथ ही शुक्रवार का दिन शुक्र देव की भी समर्पित होता है। ज्योतिष में शुक्र देव को सुख-सुविधाओं, ऐश्वर्य और सुंदरता का कारक माना जाता है। मान्यता है कि इनकी पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए और सुखी जीवन के लिए ज्योतिष शास्त्र में कुछ खास उपाय बताए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन उपायों को शुक्रवार की रात को चुपचाप करने से धन की कमी कभी नहीं होती और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

शुक्रवार के उपाय

माता लक्ष्मी के आठ स्वरूप की करें पूजा : ज्योतिष की मानें तो शुक्रवार की मध्यरात्रि को अष्टलक्ष्मी (माता लक्ष्मी के आठ स्वरूप) की पूजा अवश्य करें और उन्हें गुलाब के फूल अर्पित करें। पूजा के बाद कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें। फिर देवी को खीर का भोग लगाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में धन और समृद्धि का वास होता है।

माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए- शुक्रवार की रात में गुलाबी कपड़े पहनकर माता लक्ष्मी के सामने बैठें। इसके बाद इस मंत्र का जाप करें। मंत्र है ह्रू ´ईं श्रीं श्रीं अष्टलक्ष्मीये ह्रीं सिद्धये नम श्रीं आगच्छागच्छ नम- स्वाहा' इस मंत्र का 108 बार जप करें। साथ ही श्री लक्ष्मी सूक्त का पाठ भी करें। मान्यता है कि ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा बरसती है और धन की समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

धन लाभ के लिए : शुक्रवार के दिन सूर्यास्त के बाद स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनकर माता लक्ष्मी के सामने एक घी का दीपक जलाएं। इसके बाद एक डिब्बे में नमक भरकर उसे लाल कपड़े पर रखें और माता लक्ष्मी के बीज मंत्र 'ऊँ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ऊँ महालक्ष्मी नम:' का 1001 बार जप करें। जप के बाद नमक के डिब्बे में एक लौंग डाल दें और इस उपाय को 10 शुक्रवार तक करें। फिर डिब्बे को धन रखने की जगह पर रखें। इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और जीवन में धन की कमी नहीं होती।

शुक्र ग्रह मजबूत करने के लिए : शुक्रवार के दिन शिवलिंग पर कच्चा दूध चढ़ाएं और दीनी का दान करें। साथ ही किसी कन्या को सफेद मिठाई खिलाएं। मान्यता है कि ऐसा करने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है, जिससे जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ती हैं और करियर में तरक्की के योग बनते हैं।

धन-वैभव के लिए : शुक्रवार की रात अष्टलक्ष्मी की पूजा के साथ श्रीयंत्र की भी पूजा करें। इस दिन 8 दीपक जलाएं और गुलाब की सुगंध वाली धूपबती जलाकर सफेद मिठाई का भोग लगाएं। फिर कमल गट्टे की माला से 108 बार इस मंत्र का जप करें। मंत्र इस प्रकार है 'ऐं ह्रीं श्री अष्टलक्ष्मीये ह्रीं सिद्धये नम गृहे आगच्छगच्छ नम: स्वाहा।' मान्यता है कि ऐसा करने से घर में धन-वैभव और ऐश्वर्य बढ़ता है।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

पुलिस थाना चन्दन नगर को मिलीं बडी सफल

क्रॉकरी आइटम व वेल्डिंग वायर की आड़ में की जा रही अवैध शराब की तस्करी

इन्दौर (नवीन मौर्य) । शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा अवैध नशे व मादक पदार्थ के प्रकरणो में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु इन्दौर कमिश्नरेट पुलिस को निर्देशित किया गया है ।

उक्त निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त (जोन-4) इंदौर डॉ ऋषिकेश मीना, अति.पुलिस उपायुक्त (जोन-4) श्री आनंद यादव ने सहायक पुलिस आयुक्त (अन्नपूर्णा) जिला इंदौर श्री शिवेन्द्र जोशी तथा थाना प्रभारी चन्दन नगर निरीक्षक इन्द्रमणि पटेल को थाना क्षेत्र में अवैध रूप से नशे मे लिप्त बदमाशो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था । उक्त निर्देशों के तारतम्य में थाना चन्दन नगर पुलिस टीम द्वारा अंतर्राजीय शराब तस्कर गिरोह का षडयंत्र बेनकाब कर व अवैध अंग्रेजी शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है ।

दिनांक 26-27/03/2025 की दरमियानी रात को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक लाल रंग के आईसर वाहन जिस पर पीले रंग कि तिरपाल लगी है जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP 13 GB 0994 लिखा है उक्त आईसर वाहन में ट्रासपोर्ट माल के साथ बोरियो मे अवैध शराब भरी होकर उक्त आईसर को कश्यप पेट्रोल पंप कि पार्किंग में खडा है जो गुजरात शराब लेकर जाने कि तैयारी में है। मुखबिर की सूचना पर चन्दन नगर पुलिस टीम द्वारा आईशर वाहन क्रमांक MP 13 GB 0994 के चालक संदेही साजिद मंसूरी उम्र 48 साल नि.45-पी, ग्रीन पार्क कालोनी इंदौर को पकड़कर पूछताछ की गई जिसके द्वारा आनाकानी करते हुए वाहन मे क्रोकरी आईटम व

वेल्डिंग क्राईल व वायर होना बताया जिससे माल की बिल्टी के संबंध मे दस्तावेज चाहे गए जिसके द्वारा वाहन मे क्रोकरी आईटम व वेल्डिंग क्राईल व वायर की बिल्टी होना बताया गया ।

वाहन मे अवैध शराब का संदेह होने से वाहन की तलाशी ली गई जिसमे 03 बडे बाक्स व 200 पैकेट मे वेल्डिंग क्राईल व वायर तथा 04 कार्टून तथा 08 बोरी में क्रोकरी आईटम के स्थान पर अंग्रेजी शराब कि छोटी बडी बाटल भरी होना पाई गई । ड्राईवर साजिद मंसूरी से उक्त शराब परिवहन करने के संबंध में लाईसेन्स परमिट का पूछते जिसके द्वारा कोई वैध लाईसेन्स नही होना बताया ।

आरोपी साजिद मंसूरी उम्र 48 साल नि.45-पी, ग्रीन पार्क कालोनी इंदौर का उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 34(2) आबकारी एक्ट का दंडनीय अपराध घटित होना पाया जाने से उक्त आईसर के अंदर रखीं शराब मेजिक मुमेंट ग्रीन एप्पल का 90 एमएल के 732 बच्चा , मेजिक मुमेंट ओरेंज का 90 एमएल के 192 बच्चा, मेजिक मुमेंट प्रीन एप्पल का 180 एमएल के चपटे क्वार्टर 216 , मेजिक मुमेंट ओरेंज का 180 एमएल के चपटे क्वार्टर 334, सिग्नेचर का 180 एमएल के चपटे क्वार्टर 108 , सिमरनआफ ग्रीन एप्पल का 180 एमएल के चपटे क्वार्टर 48 , सिमरनआफ ओरेंज का 180 एमएल के चपटे क्वार्टर 42 , आफिसर च्वाईस के 180 एमएल के क्वार्टर 428 , मेजिक मुमेंट ग्रीन एप्पल की 750 एमएल की बोतल 20 , मेजिक मुमेंट ओरेंज की 750 एमएल की बोतल 20 , ब्लेंडर प्राईड की 750 एमएल की बोतल 20 , इंपिरियल ब्लू की 750 एमएल की बोतल 20 कुल मात्रा 354.840 लीटर कुल कीमती 4,43,870 /- रूपये पाया गया ।

आरोपी साजिद मंसूरी को गिरफ्तार कर, आईसर वाहन क्रमांक स्क 13 तक्र 0994 कीमती 8,00,000 रूपये व वाहन मे रखी अवैध शराब कीमती 4,43,870 रूपये व क्राईल व वायर कीमती 7,64,640 /- रूपये कुल कीमती 20,08,510 /- रूपये को विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं । आरोपी से उक्त अवैध शराब के स्त्रोतो के संबंध मे भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक इन्द्रमणि पटेल , उप निरीक्षक सौरभ कुशवाह , उप निरीक्षक संजया सिंह , सउनि राजभान सिंह गौतम, आरक्षक 1374 जोगेश लश्करी, आरक्षक 2480 सुनील कुमार , आरक्षक 3795 कैलाश भंवर की सराहनीय भूमिका रही ।

मेडीकेप्स ने किया नए ब्रांड आइडेंटिटी का अनावरण

इन्दौर। मेडीकेप्स विश्वविद्यालय, जो अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के लिए प्रसिद्ध है, ने एक नया ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अपनी नई ब्रांड आइडेंटिटी का अनावरण किया। यह परिवर्तन विश्वविद्यालय की आधुनिकता, सतत विकास और समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।समारोह का मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों का वितरण रहा, । इन पुरस्कारों के बाद, विश्वविद्यालय के नए लोगो का भव्य अनावरण किया गया। यह आधुनिक और साहसिक प्रतीक विश्वविद्यालय की प्रगतिशील आकांक्षाओं को दर्शाता है। इसके साथ ही, मेडीकेप्स ब्रांड फिल्म और कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन हुआ, जो विश्वविद्यालय की गौरवशाली यात्रा और भविष्य के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करता है।

कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध स्लैम कवयित्री नायाब मिधा की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति के साथ हुआ, जिन्होंने

अपने शब्दों की गहराई से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। माननीय कुलाधिपति हमारी नई ब्रांड पहचान केवल एक आर.सी. मित्तल ने कहा कि डिज़ाइन नहीं, बल्कि हमारे मिशन, मूल्यों और छात्रों की असीम संभावनाओं का प्रतिबिंब है।

माननीय कुलगुरू प्रो (डॉ) डी. के. पटनायक ने कहा कि 25 वर्षों की अकादमिक उत्कृष्टता के साथ, मेडीकेप्स विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे है, जो छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षाशास्त्र और उद्योग-संचालित सीखने के अनुभवों से सशक्त बनाती है। निदेशक ब्रांडिंग सुश्री सलोनी गर्ग ने कहा कि यह नई पहचान केवल एक नया स्वरूप नहीं, बल्कि एक नई प्रतिबद्धता है। प्रेरणा, नवाचार और उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का संकल्प।

यंग इंडिया महिला क्लब ने सेठ-सेठानी के रूप में निकाला ईसर-गौरा का बाना

इन्दौर। यंग इंडिया क्लब द्वारा महिला क्लब की ओर से छावनी स्थित मोदी परिसर से उषागंज, मुराई मोहल्ला, टेगौर मार्ग, पारसी मोहल्ला होते हुए गणगौर का बाना निकाला गया, जो पुन: मोदी परिसर पर संपन्न हुआ। बाने में ईसर-गोरा की जोड़ी के साथ ही महिलाओं की अनेक स्पर्धाएं भी आयोजित की गई।

महिला क्लब की अध्यक्ष मंजूलता अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर ईसर-गौरा को सेठ-सेठानी

के रूप में श्रृंगारित किया गया था। उत्सव में रेखा, लता, नीता, उषा, विभूति, निधिका बागड़ी, दिव्या, निकिता, सोनम, उषा, मनोरमा, विमला, प्रीति,सोनू, सपना, ईशा, मीना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। प्रीतिभोजन के साथ समापन हुआ।

परशुराम महासभा महिला प्रकोष्ठ का गणगौर बाना शनिवार को

इंदौर परशुराम महासभा महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार, 29 मार्च को शाम 5 बजे राजेन्द्र नगर के परशुराम चौक से प्रारंभ होकर गणगौर का भव्य बाना विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पुनः परशुराम चौक पर समाप्त होगा। बाने में राधा-कृष्ण एवं गणगौर की झांकी, विशाल रथ, घोड़े, बग्घी, बैंड-बाजे, भजन एवं गरबा मंडलियां भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती पूनम संजय मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की परंपरानुसार इस वर्ष भी परशुराम महासभा की महिला प्रकोष्ठ द्वारा गणगौर का बाना निकालने की जोरदार तैयारियां की गई है। राजेन्द्र नगर स्थित परशुराम चौक से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर यह बाना राजेन्द्र नगर डुप्लेक्स पहुंचकर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। समापन पर स्नेह भोज भी होगा।

विठ्ठल रूकमणी गार्डन में हुआ मेमोरी पॉवर वर्कशॉप का आयोजन

इंदौर! विठ्ठल रूकमणी गार्डन, केसर बाग रोड़, इंदौर (म.प्र.) ममोरी पॉवर, मोटीवेशनल एवं सेल्स की वर्कशॉप का आयोजन हुआ जिसमें मेमोरी पॉवर एक्सपर्ट एवं मोटीवेषल स्पीकर दिनेश मेहर ने विभिन्न शहरों से आए प्रतिभागीयों के साथ ममोरी पॉवर एवं सेल्स से जुड़ी छोटी छोटी बातों को साझा किया तथा यह भी बताया कि कैसे हम सूचनाओं को आसानी से पढ़कर ब्रेन में स्टोर कर सकते है एवं उसे आसानी से रिकॉल कर सकते है तथा आर्ट ऑफ सेल्स में ग्राहकों के साथ किस प्रकार ओपनिंग, प्रोबींग, सपोर्टिंग एवं क्लोजिंग की जाती है के संबंध में महत्वपूर्ण बातों को साझा करने के साथ साथ कई फन एक्टिविट्स भी करवाई ।

अहिल्या माता गोशाला पहुंचे कृषि विज्ञान के छात्र, जैविक खेती की ली जानकारी

इन्दौर।

केशरबाग रोड़ स्थित प्राचीन श्री अहिल्या माता गोशाला जीव दया मंडल पर सेज यूनिवर्सिटी के कृषि विज्ञान के छात्रों ने पहुंचकर गोशाला भ्रमण किया। गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि छात्रों ने पूरी दिलचस्पी के साथ गोशाला का भ्रमण कर जैविक खेती और गोवंश से होने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इन छात्रों ने गोबर और गोमूत्र के उपयोग से खेती को उन्नत करने की जानकारी भी प्राप्त की। छात्रों का कहना था कि इस तरह की आदर्श और साफ-सुथरी गोशाला को देखकर उन्हें अत्यंत सुखद अनुभूति हुई है। उन्होने गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा की।

अग्रवाल समाज की 61 महिलाएं करेंगी गणगौर व्रत का उद्यापन

इन्दौर। गोयल पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में गणगौर महोत्सव में इस बार भी समाज की 61 महिलाओं के व्रत का उद्यापन सोमवार, 31 मार्च को सुबह 11 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर किया जाएगा।

गणगौर मेले के रूप में इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाएं, उपहार वितरण, स्नेह भोज एवं अन्य स्पर्धाएं भी होंगी। ईसर-गोरा के रूप में सज-धजकर आने वाले महिलाओं के युगलों का सम्मान भी होगा। भजन गायक पूजा पालीवाल एवं धीरज-प्रियंका द्वारा सुमधुर गीतों की संगीतमय प्रस्तुति भी होगी।

आयोजन प्रमुख श्रीमती कनकलता-प्रेमचंद गोयल, श्रीमती कृष्णा-विजय गोयल एवं सोनल-अजय अग्रवाल आलूवाले ने बताया कि प्रत्येक व्रतधारी महिला के साथ उनके पति, परिजन एवं अन्य मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया है। 61 महिलाओं के रिश्तेदारों सहित इस महोत्सव में करीब 3 हजार समाजबंधु शामिल होंगे। कार्यक्रम की दिव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं, इनमें सुनीता-अरुण आष्टावाले, आशा-एस.एन. गोयल, आशा-प्रमोद बिंदल, कल्पना-कैलाश नारायण बंसल, राधा-सतीश गुप्ता, विनीता-ब्रजकिशोर गोयल, जयंती-राजेश मित्तल एवं शुचिता-आशीष अग्रवाल सहित 11 युगलों को शामिल किया गया है।

इन्दौर। इन दिनों रोजाना सुबह बिजली गुल हो जाती है, जो कि दोपहर 1-2 बजे के बीच लाइट आती है, जिससे यातायात परेशान है।

D.O.B. CHANGE

I, Smt. Poonam Bhadoriya is a legally wedded spouse of No 14034244M Ex-Sep Late Ajay Singh Bhadouria Residing at H.N.-65, Krishna Nagar Colony, Gwali Palasiya, Post Mhow, Tehsil - Dr. Ambedkar Nagar, District - Indore (MP) Pin-453441. That I have changed my DOB from 17/01/1989 To 17/01/1990 vide MP Govt Affidavit No-1324/25 Dt. 21/03/25 before Tehsil Court Mhow(MP) Pin-453442.

CHANGE IN NAME

I **SAKSHI BHANDARI,** Hereby Declare That I Have Changed My Name To **SAKSHI JAIN,** So Far Now And In Future I Will Be Known By My New Name **SAKSHI JAIN W/O RISHABH JAIN,** For All Purposes.

SAKSHI JAIN W/O RISHABH JAIN
20, RAM LAXMAN BAZAR, JAWAHAR MARG, INDORE

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुभाग हातोद, जिला इंदौर

क्रमांक/184/रीहातोद/2025 इन्दौर, दिनांक 27/03/2025

:: पेपर विज्ञप्ति ::

सर्व साधारण को इस पेपर विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, इस न्यायालय में **अपीलार्थी- श्री गजेन्द्रसिंह पिता भीलासिंह निवासी ग्राम रोजडी तहसील हातोद, जिला इन्दौर** द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 44 (1) के तहत **प्रत्यर्थी- श्रीमती गीताबाई पति रामेश्वर, निवासी कनाडिया एवं कनीराम, अमरसिंह, देवकरण, हुकमसिंह पिता लणासिंह निवासीगण रोजडी तहसील हातोद** के विरुद्ध तहसील न्यायालय हातोद के **ग्राम रोजडी** तहसील हातोद स्थित भूमि सर्वे नंबर 161/1/2 रकबा 0.202 हे. के संबंध में अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील हातोद जिला इन्दौर के प्रकरण क्रमांक 0013/अ-70/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 22.03.2024 के विरुद्ध दुखित होकर अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

जिसके संबंध में इस राजस्व न्यायालय अंतर्गत अपील प्रकरण क्रमांक 0044/अपील/2024-25 प्रचलित होकर प्रकरण में प्रत्यर्थी क्रमांक-1 श्रीमती गीताबाई पति रामेश्वर निवासी 439, ग्राम कनाडिया तहसील कनाडिया जिला इन्दौर की पक्ष समर्थन हेतु उपस्थिति बाबद आगामी पेशी **दिनांक 08/04/2025** नियत की गई है।

अतः उक्त प्रकरण में जिस किसी व्यक्ति/संस्था आदि को कोई आपत्ति वगैरा हो तो वह मेरे समक्ष **आगामी नियत पेशी** पर अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। बाद म्याद के किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। पेपर विज्ञप्ति आज **दिनांक 27/03/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग हातोद, जिला इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्रीमती अर्चना वैष्णव पति राजेश वैष्णव द्वारा प्लाट नं. 96, नार्थतोड़ा इन्दौर (म.प्र.) पर विकास योजना 2021 में मिश्रित उपयोग/नियमन की कंडिका 6.10.10 के बिन्दु क्रमांक 05 में अंकित प्रावधान अनुसार मिश्रित उपयोग हेतु 59.31 वर्गमीटर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु भवन अनुज्ञा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन सात दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा नगर निगम द्वारा प्रस्ताव अनुसार भवन अनुज्ञा जारी की जावेगी।

भवन अधिकारी
झोन क्रं. 11, नगर पालिका निगम, इंदौर
एआरसी- गुंजन बड़जात्या

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 3 इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक असगर खान मो.नं. ..... द्वारा झोन क्रं. 3 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1000895656 पता 82 सिरमत बाफना मार्ग इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 28.03.2025 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 3, नगर पालिक निगम, इंदौर